These were communicated to the State Governments by the Department of Personnel and Administrative Reforms for Implementation. According to the reports received from the State Governments, necessary implemental action is being taken by them.

दामोदर घाटी परियोजना के बांधों में मछली पालन

253. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दामोदर नदी घाटी परियोजना के विभिन्न बांधों में मछली पालन से सरकार को गत तीन वर्षों में प्रति वर्ष कितनी आय हुई ;

(ख) क्या मछली का व्यवसाय करने के लिए स्थानीय लोगों को सुविधाएं प्रदान की गयी थीं ; और

(ग) यदि हां, तो क्या तिलैया बांध में जो स्थानीय मल्लाह मछली का व्यवसाय दामोदर घाटी निगम के साथ साझेदारी में करते थे उन्हें इस सुविधा से वंचित कर दिया गया है ?

ऊर्जा मंत्रालय में उपमंत्री (श्री० किलेश्वर प्रसाद) : (क) से (ग) दामोदर घाटी निगम के जलाशयों में मछली उद्योग का कार्य उक्त निगम के नियंत्रण में है और तदनुसार सरकार को इससे कोई आय नहीं होती। दामोदर घाटी निगम द्वारा विभागीय तौर पर मछली उद्योग अगस्त, 1974 के मध्य से शुरू किया गया था और अगस्त, 1975 तक इसे जारी रखा गया। तदुपरांत मछली उद्योग का कार्य एक प्राइवेट लाइसेंसधारी को पट्टे पर दे दिया गया है, जिससे लाइसेंस-शुल्क वसूल किया जा रहा है। निगम की अपने बांधों में मछली उद्योग से पिछले तीन वर्षों में हुई आय निम्न प्रकार थी :—

1973-74	शून्य
1974-75	1,07,649 रुपये
1975-76	2,36,158 रुपये

विभागीय तौर पर मछली उद्योग की अवधि के दौरान स्थानीय मल्लाहों को तथा अन्य लोगों को दामोदर घाटी निगम के जलाशयों में मछली पकड़ने की अनुमति दी जाती थी, जिसके लिए उन्हें पारिश्रमिक दिया जाता था परन्तु पकड़ी गई मछलियां निगम द्वारा बेची जाती थीं। वर्तमान लाइसेंसधारी को भी सलाह दी गई है कि मछली उद्योग में स्थानीय मल्लाहों को काम पर लगाएं और वह ऐसा कर रहा है।

Report of Study Group for Development of Western Ghats

254 SHRI B V NAIK Will the Minister of PLANNING be pleased to state:

(a) whether the study group for the development of Western ghats has submitted its report;

(b) if so, what are its findings; and

(c) what the Planning Commission propose to do in regard to (b) above?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING (SHRI SANKAR GHOSE): (a) to (c). No study group as mentioned in (a) has been set up and (b) and (c) therefore do not arise. However, there is a high level committee which recommends various programmes to be undertaken for the development of Western Ghats region.